# प्लास्टिक कचरे से कई उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करेगा राँची नगर निगम

## प्लास्टिक कचरे से कुर्सी व टी-शर्ट बनायेगा नगर निगम

- यूनिट लगाने के लिए रांची नगर निगम व यूएनडीपी के बीच जल्द होगा करार
- इस पर लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे, धुर्वा या झिरी में दी जायेगी जमीन

**वरीय संवाददाता, रांची**

रांची नगर निगम प्लास्टिक के कचरे से टी-शर्ट, कुर्सी, मग, ट्रे आदि बनायेगा. इसको लेकर नगर निगम यूएनडीपी के सहयोग से रांची में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए यूनिट लगाने जा रहा है. इसके लिए नगर निगम यूएनडीपी (यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम) को जमीन के साथ-साथ प्लास्टिक कचरा भी उपलब्ध करायेगा. यूनिट लगाने का सारा खर्च यूएनडीपी उठायेगा. इस पर लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे. यूनिट स्थापित करने के लिए जल्द ही रांची नगर निगम और यूएनडीपी के बीच करार किया जायेगा.

इस यूनिट में प्लास्टिक कचरे से थ्रेड बनाया जायेगा. इसी थ्रेड से टी शर्ट बनेगी. यूएनडीपी के अधिकारियों ने नगर आयुक्त के साथ हुई मीटिंग में अपने उत्पाद के कुछ नमूने दिखाये थे. उनका कहना था कि प्लास्टिक कचरे से हम प्लास्टिक की कुर्सियां, मग, बाल्टी आदि बनायेंगे.

**राजधानी में हर माह निकलता है 2100 टन प्लास्टिक कचरा** : नगर निगम के अधिकारियों की मानें, तो राजधानी से हर रोज 70 टन के आसपास प्लास्टिक कचरा निकलता है. हर माह लगभग 2100 टन प्लास्टिक कचरा निकलता है. कचरा प्रोसेसिंग की कोई व्यवस्था नहीं होने कारण अभी सारा कचरा झिरी में डंप हो रहा है. इस यूनिट के लगने के बाद शहर से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे को सीधे यूनिट में ले जाया जायेगा.

**यूनिट के लिए चाहिए 10 हजार वर्गफीट जमीन** : यूनिट लगाने के लिए यूएनडीपी को 10 हजार वर्गफीट जमीन चाहिए, नगर निगम ने इसके लिए धुर्वा में जमीन चिह्नित की है. हालांकि, अभी तक इस पर कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया है. निगम के अधिकारियों का कहना है कि यूएनडीपी के अधिकारी जल्द ही रांची आकर यूनिट की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करेंगे. उन्हें धुर्वा के अलावा झिरी में भी भूमि दिखायी जायेगी. जमीन पसंद आने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी.



**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**